सुशासन और पारदर्शिता पर ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम

सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के अंतर्गत बोर्ड के मुख्यालय तथा 16 क्षेत्रीय कार्यालयों में नामित सीपीआईओ तथा अपीलीय अधिकारीयों को वर्तमान नियम की स्थिति और आरटीआई अधिनियम में संशोधनों से अवगत कराने के लिए मीडिया एवं जन संपर्क शाखा द्वारा 25 मार्च 2022 को सुशासन और पारदर्शिता पर एक ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसमे कुछ नए सीपीआईओ व अपीलीय अधिकारी भी शामिल हुए।

ऑनलाइन प्रशिक्षण में श्री वडाली रामबाबू, संयुक्त निदेशक, सचिवालय प्रशिक्षण एवं प्रबंधन संस्थान (आईएसटीएम) द्वारा कुल 60 सीपीआईओ व लिंक अधिकारीयों को प्रशिक्षित किया गया।

इस प्रशिक्षिण में आरटीआई आवेदन के योजनाबद्ध निपटान की विभिन्न उदाहरणों के साथ चर्चा की गयी और उन्हे समय-सीमा के अंतर्गत निपटान की प्रक्रिया बताई गयी। पीआईओ की भूमिका और ज़िम्मेदारी पर विस्तार से चर्चा और अधिनियम 6(2) व धारा 20(1) पर विशेष बल दिया गया।